हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार, 6 जुलाई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

11 सड़क से लेकर खेतों तक मवेशियों का आतंक


12 पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकली साइकिल यात्रा


Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध
24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज
बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

अत्याधुनिक लेज़र से
पाइल्स, फिशर, फिस्चुला, साइनस, वार्ट, पोलिप तथा मलद्वार की अन्य समस्त तकलीफों का त्वरित एवं स्थाई समाधान।
लेज़र के फायदे -
बिना चीरा, बिना टांका, बिना रक्तस्त्राव, न्यूनतम दर्द, जलन, परेशानी, पट्टी, दवाई एक दिन भर्ती, शीघ्र रिकवरी, दीर्घकालिक परिणाम आसान, सुरक्षित, किफायती, दोबारा होने का डर नहीं।
आज ही सम्पर्क करें -
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397, 930898331
पैकेज 15000/- से प्रारंभ
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343, 9893659633

## नगरी, कुकरेल में जमकर बरसे बदरा

# कुरूद, मगरलोड में सूखे का आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

इस साल समय से पहले मानसून के आगमन के बाद भी धमतरी जिला बारिश में पिछड़ा हुआ है। गत दिनों से हो रही हल्की मध्यम बारिश से नगरी और कुकरेल तहसील ने औसत वर्षा को कवर कर लिया है वहीं कुरूद और मगरलोड तहसील की हालत गंभीर बनी हुई है। इधर महानदी परियोजना के चारों बांधों में पानी की आवक शुरू हो गई है।

जिले में 1 जून से 4 जुलाई तक 170.1 मिमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। औसत वर्षा के मुकाबले कुकरेल और नगरी तहसील में सामान्य बारिश हुई है। नगरी में 236.9 मिमी बारिश हो चुकी है जो 10 वर्षों की औसत वर्षा की तुलना में 100.6 प्रतिशत है। कुकरेल तहसील में 234 मिमी बारिश हो चुकी है। यह औसत वर्षा के मुकाबले 109 प्रतिशत है। मगरलोड में 1 जून से अब तक मात्र 81.7 मिमी वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया गया है। यहां औसत वर्षा के मुकाबले 35 प्रतिशत बारिश हुई है।



### परियोजना के चारों बांधों में पानी की आवक

महानदी परियोजना के चार बांधों में पानी की आवक दर्ज की गई है। परियोजना के सबसे बड़े बांध गंगरेल में पानी की आवक 622 क्यूसेक 24 घंटे में हुई है। इसी तरह माड़मसिल्ली में 24 घंटे में 70 क्यूसेक, दुधावा में 62 क्यूसेक तथा सोंदूर में 114 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक गंगरेल बांध में 0.622, माड़मसिल्ली में 0.810, दुधावा में .062, सोंदूर बांध में 0.114 क्यूसेक पानी की आवक हुई है।

कुरूद तहसील की भी हालत खराब है। वर्षाकाल में अब तक 97.2 मिमी वर्षा हो पाई है। यह औसत वर्षा के मुकाबले 40.3 प्रतिशत है। भखारा तहसील में 134.4 मिमी वर्षा हुई है। यहां औसत बारिश से 59.9 प्रतिशत, बेलरगांव तहसील में 184 मिमी वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया गया है। यहां औसत वर्षा से 83.8 प्रतिशत तथा धमतरी तहसील में 222.8 मिमी बारिश हो चुकी है, जो कि औसत वर्षा के मुकाबले 86.4 फीसदी है।

### इस माह होगी अच्छी बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई में बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर में लगातार सिस्टम बनने की संभावना है, जिससे जिले में भी अच्छी बारिश की संभावना है। अगले 3 दिनों तक छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। वहीं प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम हो सकती है। समुद्र तल से मानसून द्रोणिका अब भी गंगानगर, आगरा, बांदा, कोलकाता से होकर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। उत्तर-पूर्व मध्यप्रदेश के आसपास चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी इलाकों के आसपास चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। उत्तर गुजरात से लेकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए पश्चिम बंगाल तक समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। 6 जुलाई को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में वर्षा की तीव्रता अधिक रहने की संभावना है।



श्री शिवम, सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फैमिली फैशन स्टोर, पिछले कई वर्षों से फैशन और विश्वास का दूसरा नाम बन चुका है। 7 शहरों में मौजूदगी और हर उम्र व ज़रूरत को समझने वाली कलेक्शन – जैसे कि साड़ी, कुर्ती, रेडीमेड सूट्स, लहंगा और भी अन्य फैशन की वैरायटी – के साथ, हमने अपने ग्राहकों से एक मजबूत रिश्ता बनाया है। हमारा हर स्टोर सिर्फ कपड़ों की दुकान नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद फैशन डेस्टिनेशन है – जहाँ हर कदम पर साथ है स्टाइल और साथ है आपका भरोसा।

अब इस रिश्ते को और खास बनाने के लिए हम लेकर आए हैं साल की सबसे बड़ी " TOD PHOD SALE "! देश के टॉप ब्रांड्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स – Buy 1 Get 1 Free, Buy 2 Get 2 Free, और Upto 50% Off तक की छूट, सब एक ही छत के नीचे. चाहे हो Men's Wear, Women's Wear या Kids Wear – अब हर फैशन की ज़रूरत होगी पूरे स्टाइल और बड़ी बचत के साथ पूरी, सिर्फ श्री शिवम पर.

SHREE SHIVAM
तोड़ फोड़ सेल
BUY 1 GET 1 · 20% OFF · 50% OFF · 40% OFF · 30% OFF · BUY 2 GET 2
UNLIMITED OFFER LIMITED TIME
LIVE NOW
BUY 1 GET 1 FREE ★ BUY 2 GET 2 FREE ★ UPTO 50% OFF ★ AND MANY MORE OFFERS
KIDS WEAR • LADIES WEAR • SAREE • KURTI • LEHENGA • EVENING GOWN & READYMADE SUITS
OFFER ON SELECTED ARTICLES
PARTICIPATING BRANDS
IZOD, WHITE HANGER, spykar, GUESS, KAZO, MUFTI, puma, VERO MODA, LINEN CLUB, KILLER, PONTIAC, ROOKIES, ColorPlus, parx, PARK AVENUE, SELECTED, LA MARTINA, Pepe Jeans, JACK & JONES, CRIMSOUNE CLUB, RARE RABBIT, GAS, ARROW, UNITED COLORS OF BENETTON, FLYING MACHINE, BLACKBERRYS
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
• Raipur: Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri
• Durg: Santra Badi, Station Road
• Bilaspur: Agrasen Chowk, Link Road
NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA
Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555
Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE
*T&C Apply

### मगरलोड पुलिस ने की कार्रवाई, सभी वाहन हुए जब्त

# चार दोपहिया वाहनों की चोरी करने वाले चार आरोपी युवक पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मगरलोड पुलिस ने चोरी की चार स्कूटी, मोटरसाइकिल के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। ज्ञात हो कि एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मगरलोड पुलिस ग्राम मेघा की ओर गई थी। इसी दौरान मगरलोड अंग्रेजी शराब दुकान के पास दो अलग-अलग संदिग्ध स्कूटी में चार युवक बैठे मिले। एक वाहन सफेद रंग की हीरो डेस्टिनी स्कूटी (बिना नंबर प्लेट) तथा दूसरी काली मेहरून रंग की एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलएन 6200 थी। चारों व्यक्तियों को संदेह के आधार पर



थाना लाया गया और गवाहों के समक्ष पूछताछ करने पर उन्होंने अलग-अलग स्थानों से चार दोपहिया वाहनों की चोरी कर अपने पास रखना स्वीकार किया। हीरो डेस्टिनी स्कूटी आरोपी मेघराज उर्फ मेघू के कब्जे से, स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पोषण ध्रुव के कब्जे से, प्लेटिना मोटरसाइकिल आरोपी पोखन निषाद के कब्जे से, काली-मेहरून रंग की एक्टिवा आरोपी लक्ष्मण उर्फ लक्की के कब्जे से प्राप्त हुई।

सभी वाहन गवाहों के समक्ष आरोपियों की निशानदेही पर बरामद किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना मगरलोड में धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी मेघराज उर्फ मेघू निषाद पिता गौकरण निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम ठेकला थाना मगरलोड जिला धमतरी, पोखन निषाद पिता कुमार निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मोहरेंगा थाना मगरलोड जिला धमतरी, लक्ष्मण उर्फ लक्की निर्मलकर पिता गोपीराम उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम आमाचानी थाना मगरलोड जिला धमतरी, पोषण ध्रुव पिता राजेन्द्र ध्रुव उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम मोहरेंगा चौकी करेली बड़ी थाना मगरलोड जिला धमतरी शामिल हैं।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मगरलोड, प्रआर दीनू मारकंडे, विरेंद्र चंद्राकर, आरक्षक किशन सोनकर, कीर्तन सोनकर, प्रफुल्ल रात्रे, अश्वन साहू सहित पुलिस टीम का योगदान रहा।

# संचालकों को सात दिन के भीतर खाद्य पंजीयन बनवाने का निर्देश

■ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने होटल, रेस्टोरेंट, खाद्य दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शहर और ग्रामीण क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट और मिष्ठान भण्डार सहित अन्य खाद्य परिसरों का औचक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दल द्वारा धमतरी स्थित हर्ष सुपर मार्ट, दीपक होटल बठेना, दी जिंजर लीफ रूद्री रोड, भैरूनाथ पावभाजी, सेवन स्टॉर रेस्टोरेंट लक्ष्मी निवास, सोनकर चिकन सेंटर, बादशाह एग रोल, यादव चाट सेंटर का निरीक्षण किया गया। इसी तरह सूर्या किराना स्टोर्स कोलियारी, माहेश्वरी राइस इण्डस्ट्रीज कुरूद, दिशा किराना एवं जनरल स्टोर्स भखारा, रामस्वरूप किराना स्टोर्स हंचलपुर, रोशनी प्रोविजन स्टोर्स लोहरसी, स्वाद रेंस्टोरेंट रूद्री, गणेश मोमोस, जय जलाराम दाबेली, रोहित एगरोल, बाम्बे भेज रूद्री का निरीक्षण किया। इस दौरान नमक, बिस्कुट, पनीर, मैदा, चायपत्ती, पका दाल, पनीर की सब्जी, बेसन, साबूदाना व फोर्टिफाइड चावल का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दल ने फेमस आलूगुण्डा धमतरी और बादशाह एगरोल रूद्री में अखबारी कागज का उपयोग करते पाये जाने पर उसका उपयोग नहीं करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह रूद्री रोड स्थित भैरूनाथ पावभाजी सेंटर को मेडिकल फिटनेस बनवाने और गणेश मोमोस सेंटर, जलाराम दाबेली, रोहित एगरोल, बाम्बे भेल एवं गुपचुप सेंटर संचालकों को 7 दिनों के भीतर खाद्य पंजीयन बनवाने के लिए निर्देशित किया गया। ग्राहकों को साफ-सफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच-परखकर, खाद्य पदार्थों की अवसान तिथि, खाद्य लायसेंस, पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों को खरीदने की अपील की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी होटलों, रेस्टोरेंटों और सड़क किनारे लगाने वाले फूड वेंडरों को उपयोग में लाने वाले जल स्त्रोतों से पानी की जांच पीएचई लैब से करवाकर जांच प्रतिवेदन जमा करने के लिए निर्देशित किया गया।

## अंचल की खबरें

### सांकरा मंडी प्रांगण में हुआ पौधरोपण



**नगरी।** ग्राम सांकरा के धान खरीदी केंद्र में जपं नगरी सीईओ रोहित बोर्झा के मुख्य आतिथ्य में एक पेड़ मां के नाम के तहत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, सांकरा मंडी अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, पूर्व सरपंच सती मरकाम, सांकरा सोसाइटी प्रबंधक जीवन लाल साहू, पूर्व मंडी सदस्य सुगंधचंद साहू, राजू पटेल, सोहन पटेल, खुशीराम साहू सहित सोसाइटी कर्मचारी उपस्थित थे।

### टेंगना स्कूल में छात्रों ने फलदार पौधे लगाए



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला टेंगना में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षण स्टाफ ने फलदार व अन्य पौधों का रोपण परिसर में किया। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए। प्रकृति को बचाने के लिए उसकी सुरक्षा करने के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर त्रिलोक कश्यप, दयालुराम नेताम, असमोतीन ध्रुव, अशोक कश्यप, प्रधानपाठक ममता प्रजापति, मनोज गंजीर, पार्वती ध्रुव समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### अभाविप ने स्वामी विवेकानंद को किया नमन



**नगरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगरी के कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद वार्ड में स्थित विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। उन्हें नमन किया । विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री रुपेश साहू ने कहा कि हमें विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वे हमेशा कहते थे कि युवा ही देश का भविष्य है और उनमें असीम क्षमता है। उन्होंने कहा उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो। इस अवसर पर निखिल नेताम, थरुण निषाद, यश जैन, मुकेश संचेती, खिरभान देव, कुणाल साहू ,यश नाग, प्रशांत भट्ट, नोवल छाजेड़ ,प्रिंस सेन, नमन देवांगन, झनेश यादव, संजय यादव, निलेश नेताम, आदित्य नेताम, अतुल सेन, उपेंद्र साहू, कमल साहू सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संशिम के छात्रों ने किया प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा का स्वागत





**पुरी।** पर्यावरण बचाने, पेड़ लगाओ अभियान के तहत धमतरी से निकली प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा ग्राम छाती पहुंची। स्वागत गेट के पास सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों एवं शिक्षकों ने साइकिल यात्रा का स्वागत किया। सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। मेघा में रात्रि विश्राम होगा। ग्राम कुकरेल में साइकिल यात्रा का समापन होगा। लगभग 70 से अधिक साइकिल यात्री थे। विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला धमतरी द्वारा यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह जानकारी सशिमं के सचिव नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।


# खड़े ट्रक से 220 लीटर डीजल की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक से अज्ञात चोर ने टैंक में भरे 220 लीटर डीजल की चोरी कर ली है।

पुलिस के अनुसार उड़ीसा निवासी ट्रक चालक कामा गोड़ पिता भुवन उम्र 27 वर्ष अपने हेल्पर जीतू नायक पिता मोनो उम्र 18 वर्ष निवासी उड़ीसा के साथ 27 जून को ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीए 9433 में विशाखापटनम से आयरन ओर भरकर रायपुर की एक फैक्ट्री में पहुंचे था। आयरन ओर को खाली करने के बाद 3 जुलाई को चालक ने टाटीबंध रायपुर में स्थित पेट्रोल पंप में 310 लीटर डीजल डलवाया। उसके बाद चालक अपने हेल्पर के साथ ट्रक लेकर चावल भरने धमतरी के लिए निकल गया। भखारा रोड से गुजरते समय बुधवार की रात्रि ट्रक सेमरा मोड़ भखारा के पहले स्थित जगदम्बा फ्यूल्स के पास पहुंचा था। इसी दौरान नींद आने के

**सेमरा की घटना**



कारण ट्रक को पेट्रोल पंप के पास खड़ा कर चालक व हेल्पर वाहन में सो गए। इसी दौरान देर रात्रि किसी अज्ञात चोर ने टैंक का लॉक तोड़कर लगभग 220 लीटर डीजल की चोरी कर ली। गुरूवार की सुबह जब चालक व हेल्पर सोकर उठे तो डीजल टैंक का लॉक टूटा हुआ था। वहीं डीजल टैंक पूरा खाली हो चुका था। चोरी गई डीजल की कीमत 20460 रूपये है। चालक की शिकायत पर भखारा पुलिस ने आरोपी अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# शाला नायक दीपा, उप शाला नायक सुरेखा चुने गए



■ शंकरदाह स्कूल में छात्रसंघ का चुनाव हुआ

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में छात्रसंघ का चुनाव हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया प्राचार्य शोभा दुबे एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू के निर्देशन में हुई। निर्वाचन अधिकारी तारामति वैद्य, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रदीप सिन्हा की अगुवाई में निर्वाचन हेतु दो बूथ बनाए गए थे। सफलतापूर्वक निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2, 3 की नियुक्ति की गई थी जिसे एच अंधारे, एम शाह,व्ही तिवारी,ए न साहू, एस गोस्वामी, सरोज ध्रुव ने संपन्न कराया। मतपत्र, संकलन व मतगणना की प्रक्रिया आरके राखेचा, पवन परिहा ने पूर्ण कराई। चुनाव कराने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वस्थ निर्वाचन प्रणाली से अवगत कराना है ताकि भविष्य में वे अपने मताधिकार से परिचित रहे व पूर्णतः अपने मत सदुपयोग करे। प्रथम बार मत का प्रयोग करने के लिए बच्चे उत्साहित रहे। चुनाव पश्चात मतगणना की गई। शाला नायक दीपा बंजारे, उपशाला नायक सुरेखा बंजारे, सचिव गिरधारी, सहसचिव आयुष निर्वाचित हुए।

# एनएचएम के संविदा कर्मचारी विस के मानसून सत्र में करेंगे बड़े आंदोलन

■ लंबित मांगों का निराकारण नहीं होने पर बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों की लंबित मांगें अब तक पूरी नहीं हुई है। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कर्मचारी बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नियमितीकरण प्रमुख है। कर्मचारी लंबे समय से यह मांग करते आ रहे हैं क्योंकि वे कई वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सेवा, सुरक्षा व सुविधाओं के तहत कर्मचारियों को बीमा, पेंशन, मेडिकल, अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति एवं स्थानांतरण नीति जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं मिलनी चाहिए। इन सुविधाओं से वे अभी तक वंचित हैं। कई राज्यों में घोषित वेतनवृद्धि भी अभी तक लागू नहीं की गई है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघस के प्रतिनिधि मंडल ने मई 2025 में स्वास्थ्य सचिव व मिशन संचालक से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की थी। अधिकारियों द्वारा एक माह में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन दो माह बाद भी निर्णय या ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जिससे कर्मचारियों में असंतोष है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. अमित ने बताया कि सभी जिले के कर्मचारी आंदोलन में भाग लेने तैयार हैं। जिलाध्यक्षों द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन की अनुशंसा की गई है। उनकी वर्षों पुरानी मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# छाती बनेगा इकोनामिक कॉरिडोर, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ गांव में मूलभूत सुविधाओं और रोजगार के लिए बनाई जा रही है विशेष योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम छाती को इकोनामिक कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने ग्राम छाती का दौरा कर वहां की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बताया कि ग्राम छाती रायपुर और धमतरी के मध्यवर्ती क्षेत्र में स्थित है, जिससे यहां औद्योगिक और आर्थिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि छाती को इकोनामिक कॉरिडोर के रूप में विकसित करने से न केवल ग्रामीणों को रोजगार के अवसर



प्राप्त होंगे, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गांव में पेयजल, स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की योजना बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को भी जाना।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि गांव में बड़े उद्योग स्थापित किए जाएं, ताकि युवाओं और ग्रामीणों को रोजगार के अवसर सुलभ हो सकें। इसके साथ ही महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें हाथकरघा जैसे पारंपरिक कार्यों से जोड़ने की योजना पर भी बल दिया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दोनर स्थित 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना की गई है। इससे जिले के गांवों में निर्बाध रूप से विद्युत की आपूर्ति हो सकेगी। इस अवसर पर एसडीएम पीयूष तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### छाती में मखाना खेती की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



■ गंगरेल फ्रेश बाजार स्थल का भी किया निरीक्षण

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ग्राम छाती पहुंचकर मखाना की खेती हेतु चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी दी गई कि गांव में कुल 13 तालाब हैं, जिनमें से 10 तालाबों की सफाई का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों की सफाई पूर्ण होने के बाद उनके किनारों पर नारियल के पौधे लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण लाभ के साथ ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिल सके। कलेक्टर ने सम्बलपुर कृषि विज्ञान केंद्र को निर्देश दिए कि मखाना की खेती के लिए 200 एकड़ का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने शहर के अन्य उपयुक्त तालाबों की भी पहचान कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि मखाना की खेती को और विस्तार दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छाती गांव में प्रस्तावित गंगरेल फ्रेश बाजार स्थल का भी अवलोकन किया। मछली पालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस बाजार में गंगरेल जलाशय से प्राप्त ताजी मछलियों की बिक्री की जाएगी और मछली आधारित व्यंजन भी तैयार कर बेचे जाएंगे।

### आज किसान भाजपा सरकार की कुनीतियों के कारण संकट में हैं : अंबिका

# खाद-बीज, महंगाई को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

किसानों को खाद-बीज की अनुपलब्धता, बढ़ती महंगाई और प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुकरेल द्वारा एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने एकजुट होकर किसान हित में आवाज बुलंद की। इस अवसर पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने धरना स्थल पर किसानों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर किसानों के अधिकारों और





समस्याओं को लेकर संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार की कुनीतियों के कारण किसान गंभीर संकट में हैं न तो उन्हें समय पर खाद-बीज मिल रहा है और न ही फसल का वाजिब मूल्य। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और उनकी आवाज को विधानसभा से लेकर सड़क तक हर मंच पर बुलंद करती रहेगी।

विधायक ने किसानों से अपील की कि वे संगठित रहें और अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखें। इसी तरह की एकजुटता से ही सरकार पर दबाव बनाकर किसानों की मांगों को पूरा कराया जा सकता है। ब्लॉक प्रभारी एवं पूर्व आयोग अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि किसानों की उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को शीघ्र खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराया गया और अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुकरेल के अध्यक्ष अखिलेश दुबे ने किया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसान इस देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं की अनदेखी कर सरकार विकास का दावा नहीं कर सकती।

कार्यक्रम में विशेष रूप से नीलम चंद्राकर जिपं सदस्य एवं प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी, वरिष्ठ कांग्रेसी रोहित मानिकपुरी, संतोषी साहू, चंद्रकिरण नेताम, छबि सिन्हा, कमलेश मिश्रा, करण चंद्राकर, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेसजन शामिल हुए।

# सिहावा स्कूल परिसर में 101 पौधे रोपे, सुरक्षा का संकल्प भी लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

■ पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार : एसआर

एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे चरण 2.0 में प्राचार्य एसआर साहू के नेतृत्व एवं तथा जनसहयोग से शा उ मा वि सिहावा के परिसर में 101 पौधे रोपे गए तथा उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया गया। छात्र-छात्राओं को पौधों का महत्व बताया गया। मुख्य अतिथि ने प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि पेड़ की अत्यधिक कटाई हो रही है। हमें पौध रोपण करना चाहिए साथ ही उस पेड़ की रक्षा का संकल्प भी लेना होगा। प्राचार्य एसआर साहू ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन आधार है। उन्होंने छात्र छात्राओं एवं स्टाफ के साथ 101



पेड़ों के संरक्षण करने का संकल्प लिया।

मौके पर सिहावा सरपंच उषा देवी नाग, उप सरपंच सुनील सिहसार भीतररास, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, शाला समिति सदस्य हलधर शार्दुल, रामराव बघेल, विशिष्ट अतिथि केआर बोघरिया, मनोज सिंह ठाकुर, शशि पटेल, शहजादा खान, कौशल गंजीर, छबिलाल साहू, टीकाराम पटेल, संदीप देवांगन, नल सेन, नन्द कुमार निषाद, दिनेश खंडेलवाल, पीयूष चन्द्र, अरविंद सिंह मारको, प्रदीप साहू, हाजी अब्दुल रज्जाक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### दो शराब कोचिए के कब्जे से जब्त हुई शराब

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने 4 जुलाई को दोपहर 2 बजें छापामार कार्यवाई करते हुए आरोपी पीव्ही 85 राधापुर निवासी 50 वर्षीय मनोरंजन हलधर को महुआ शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरकीन में भरा हुआ महुआ शराब करीबन 4 लीटर मिला, जिसे जप्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा दूसरी कार्यवाई में भानुप्रतापपुर पुलिस ने 4 जुलाई को दोपहर 2 बजें आरोपी भानुप्रतापपुर निवासी 42 वर्षीय सियाराम उसेंडी के दुकान के सामने दबिश दिया। तालाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से देशी महुआ शराब और 2 नग डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### इलाज के दौरान महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत पड़गांव निवासी 36 वर्षीय हीराय बाई का इलाज के दौरान 3 जुलाई को शाम 4 बजे मौत हो गई। सुरेश कुमार दुग्गा ने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई को मजदुरी करके घर गई तब देखा कि हीराय बाई के मुंह से झाग निकल रहा था। इलाज के लिए सीएचसी दुर्गूकोंदल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कापसी निवासी 70 वर्षीय भावसिंग ने 4 जुलाई को फांसी लगा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कापसी निवासी 23 वर्षीय कमलेश जैन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक की हुई मौत जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बोगर निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार शोरी का अज्ञात कारणो से मौत हो गई। बोगर निवासी 35 वर्षीय मनेसिंग शोरी ने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई को शाम साढ़े 5 बजें मृतक का शव खेत की ओर सुकदेव के खेत में मिला।

### चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों 7 को करेंगे धरना प्रदर्शन

**कांकेर।** जिला कांकेर अंतर्गत आश्रम छात्रावासों एवं अन्य संस्था एवं कार्यालयों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को मौखिक दर पूर्ण कालिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नियमितिकरण एवं अन्य समस्याओं के संबंध में प्रांतीय आव्हान पर 7 जुलाई को प्रातः 11 बजे से धरना प्रदर्शन कर रैली घड़ी चौक से कलेक्ट्रेट तक निकाल कर कार्यालय घेराव एवं ज्ञापन सौंप कर सहायक आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा किया जाएगा।

### विधायक ने की प्रेस क्लब को 2 लाख देने की घोषणा

**भानुप्रतापपुर।** ग्रुप ऑफ अभिलाषा द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक सावित्री मनोज मंडावी का आगमन पत्रकार सदन में हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के जिला प्रतिनिधि नरोत्तम सिंह चौहान की मांग पर विधायक द्वारा भानुप्रतापपुर प्रेस क्लब में शेड एवं सीढ़ी निर्माण के लिए 2 लाख की धनराशि कि स्वीकृति दिया।

### संवरेगा दलपत सागर, 9 करोड़ 88 लाख स्वीकृत : देव

**जगदलपुर।** बस्तर के ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर को संवारनें और कायाकल्प करने का संकल्प अब शीघ्र साकार रूप पायेगा। सौंदर्यीकरण करने के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजानांतर्गत शासन से 9 करोड़ 88 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

---

#### गांवों में रोका-छेका और शहर में मवेशी धरपकड़ अभियान सुस्त

# सड़क से लेकर खेतों तक मवेशियों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गांवों में रोका-छेका और शहर में मवेशी धरपकड़ अभियान फेल हो गया है, जिसके चलते शहर की सड़कों से लेकर गांव के खेत खलिहान तक मवेशियों का आतंक है। खेतों में तो किसानों की नर्सरी सुरक्षित नहीं है। रोपाई से पहले ही मवेशी धान की नर्सरी को चारा बना रहे हैं। रोपाई के बाद खेतों को रौंद रहे हैं। वहीं सड़कों पर मवेशीराज के चलते हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

केवल शहर में ही नहीं पूरे जिले में आवारा मवेशियों का आतंक छाया हुआ है। कुछ साल पहले राज्य सरकार द्वारा रोका-छेका अभियान चलाया गया था, जिसमें गांव के ग्रामीण बारी-बारी से रखवाली करते थे और मवेशियों को खेतों में नुकसान पहुंचाने से रोकते थे, लेकिन लंबे समय से यह अभियान बंद पड़ा हुआ है। इसका नतीजा यह हुआ है कि गांवों में मवेशी किसानों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। खासकर शहर के आसपास गांव का एक भी किसान ऐसा नहीं है, जिसने मवेशियों के चलते नुकसान नहीं झेला है। अभी रोपाई का काम चल रहा है। खेतों में नर्सरी तैयार है। रोपाई के लिए किसान नर्सरी का सुरक्षा घेरा भी हटा चुके हैं। मवेशी खेतों में पहुंचकर नर्सरी के पौधों को चटकर रहे हैं। ऐसे में किसान को काफी परेशान हैं। किसान कौशल साहू ने बताया कि केवल आवारा मवेशी ही नहीं गांव के अन्य पशुपालक भी अपने मवेशियों को खुला छोड़ रहे हैं, जो खेतों में जाकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। बारिश के चलते गांवों में गौठानों की स्थिति खराब है, जहां पर मवेशियों को रखना पशुपालक पसंद नहीं कर रहे हैं।

**केस 1**

बंशीराम साहू ने चार दिन पहले रोपाई की तैयारी कर ली थी। धान की नर्सरी तैयार थी। रोपाई की तैयारी के चलते उसने नर्सरी को बचाने के लिए लगाए गए तार घेरा को हटा दिया था। रात में मवेशियों ने उसकी नर्सरी को निशाना बनाया। आधे से ज्यादा थरहा को चट कर गए, जिसके चलते बंशी को रोपाई टालनी पड़ी। अब थरहा के सम्हलने का इंतजार कर रहे हैं।



**केस 2**

गिरधर साहू ने नर्सरी को बचाने के लिए प्लास्टिक रस्सियों का घेरा लगाया था। रोपाई का काम चल रहा है फिर भी उसने मवेशियों के डर से घेरा को नहीं हटाया था। रात में मवेशी घेरा को पारकर नर्सरी में घुस गए और धान के थरहा को निशाना बनाया। अब उनकी चिंता बढ़ गई है। थरहा कम पड़ने के कारण वे रोपाई का काम पूरा नहीं कर पाएंगे।

**शहर की सड़कों पर मवेशियों का लग रहा जमावड़ा**

बारिश के चलते गली कूचों में या खाली मैदानों में जगह नहीं है। सूखे स्थान की तलाश में मवेशी सड़कों पर आ रहे हैं, जिसके चलते शहर की सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लगने लगा है। हाईवे से लेकर गली कूचों में भी मवेशियों का राज है। इससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा समय-समय पर मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जाता है पर यह अभियान सिर्फ दिखावे तक सीमित रह गया है। पकड़े गए मवेशियों को अर्जुनी स्थित गोठान में रखा जाता है। वहां पर गिनती के ही मवेशी नजर आते हैं। गोठान में चारा की समस्या के चलते वहां पर मवेशियों को लंबे समय तक नहीं रखा जा रहा है।

---

## कलेक्टर ने गोकुलपुर प्राथमिक स्कूल के बच्चों के साथ किया भोजन

- स्कूली बच्चों के साथ केक काटकर मनाया अपना जन्मदिन, बांटे उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपना जन्मदिन शहर के गोकुलपुर स्थित नवीन प्राथमिक स्कूल रानीबगीचा के बच्चों के साथ मनाया। इस मौके पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्कूली बच्चों के साथ केक काटा और उन्हें न्योता भोज भी कराया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वयं अपने हाथों से नन्हे-मुन्ने बच्चों को भोजन परोसा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, सहायक संचालक शिक्षा एलडी चौधरी के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने बच्चों के साथ बैठकर आत्मीयता से भोजन किया और कलेक्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने भोजन के बाद बच्चों को उपहार भी वितरित किए। उन्होंने उपहार के तौर पर स्टेशनरी किट, चॉकलेट और शिक्षाप्रद सामग्रियों का वितरण किया। इस मौके पर कलेक्टर ने बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत की और उनकी पढ़ाई, खेलकूद और स्कूल के अनुभवों की जानकारी ली। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह दर्शा रहा था कि यह दिन उनके लिए कितना खास और यादगार रहा।



---

## स्टेशनपारा में 15 दिन के अंदर कब्जा खाली करने का फरमान

- प्रभावितों की हुई बैठक ने लिया धरना का रूप
- 287 में से 200 कब्जे हो चुके हैं खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्टेशनपारा में 19 जुलाई तक कब्जा हटाने की चेतावनी मिलने के बाद प्रभावितों को घर बार छोड़ने का भय सताने लगा है। कब्जा खाली करने के लिए समय, मुआवजा और जगह देने की मांग को लेकर प्रभावित अपने घर के पास एकत्रित होकर आंदोलन पर बैठ गए। आंदोलन के समर्थन में छत्तीसगढ़िया क्रांति पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले के ग्राम डांडेसरा तक बड़ी रेललाइन की पटरी बिछ चुकी है। धमतरी-रायपुर रेल कॉरिडोर को मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। स्टेशनपारा में 287 घरों में से करीब 200 घर से कब्जा हट गया है। लगभग 75 परिवार अभी भी निवासरत हैं जिसमें कुछ लोगों के पास 1984 का पट्टा भी है। वार्ड पार्षद रामेश्वर वर्मा, अजय वर्मा, दामिनी साहू, रेवती यादव, रूक्मणि गुप्ता, सुनीता साहू, नीलू साहू, अहिल्याबाई, राकेश यादव, बाबा खान, बहुरा साहू, हेमंत नागरची, महेंद्र यादव, अफजल खान ने बताया कि अधिकारियों ने 19 जुलाई तक कब्जा खाली करने का अल्टीमेटम दिया है।



पूर्व महापौर ने अपने कार्यकाल में कहा था कि दो माह में मकान बनने के बाद उन्हें व्यवस्थापन कराया जाएगा। वर्तमान में निगम द्वारा अब मकान के लिए 1.75 लाख रूपये की डिमांड की जा रही है। कहा जा रहा है कि पहले 16 हजार रुपए जमा करायें, शेष राशि बैंक फाइनेंस करेगा। 180 माह तक 2000 रुपये बैंक में जमा करना होगा। प्रभावितों का कहना है कि मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। इतनी बड़ी रकम उनके बस से बाहर हैं। शनिवार को व्यवस्थापन को लेकर शुरु हुई बैठक धरना आंदोलन के रूप में बदल गई। उनके समर्थन में छत्तीसगढ़िया क्रांति पार्टी के प्रमुख निखिलेश देवान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**रेलवे का आदेश : महापौर**



महापौर रामू रोहरा ने बताया कि कब्जा हटाने का कार्य रेलवे प्रशासन का है। उन्होंने कहा कि बैंक से ऋण लेना नहीं चाहते तो निगम में किस्त जमा कराने का प्रावधान है। आवास का काम शेष है। उसे पूरा करा रहे हैं।

---

#### सावन से पहले गांवों में सवनाही रेंगाने की परंपरा का किया गया निर्वहन

## हर रविवार को किसानों, खेतिहर मजदूरों की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सावन से पहले गांव में अनिष्ट को दूर रखने के लिए रात में सवनाही रेंगाने की रस्म अदा की गई। वहीं आज से गांवों में इतवारी मनाने की परंपरा का भी निर्वहन किया जाएगा। आज से हर रविवार को खेती किसानी से संबंधित सभी कामकाज बंद रखकर किसान घर में आराम करेंगे।

सावन में भरपूर बारिश होती है। ऐसे में बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। गांवों में मान्यता है कि इस समय अनिष्टकारी शक्तियां प्रबल होती हैं। इन अनिष्टकारी शक्तियों से बचने के लिए गांवों में सवनाही रेंगाने की परंपरा है। सवनाही रेंगाने का काम सावन से पहले आने वाले शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात को किया जाता है। परंपरा के अनुसार शनिवार की रात गांवों के भीतर और खार में स्थित सभी ग्राम के देवताओं की विशेष पूजा की गई। कई गांवों में मुर्गी या बकरा या अन्य जीवों को भी देवताओं को भेंट स्वरूप चढ़ाया जाता है। मान्यता के अनुसार यह जीव गांव में भ्रमण करते रहता है। इसे कोई मारता नहीं है। ग्रामीण ओमप्रकाश साहू ने बताया कि सवनाही त्योहार पूर्वजों के समय से मनाया जा रहा है।

इस त्योहार में ग्रामीण अच्छी बारिश और फसल के लिए ग्राम के देवी-देवताओं से प्रार्थना करते हैं। घरों की दीवारों पर गाय के गोबर से लेपन कर विशेष प्रकार की मानव आकृति और चित्रकला बनाई जाती है। मान्यता है कि इस आकृति से अनिष्टकारी शक्तियां घर में प्रवेश नहीं करती हैं और घर का वातावरण शुद्ध रहता है।

**प्रत्येक रविवार को मनेगा त्योहार**

सावन में अब हर रविवार को गांवों में इतवारी मनाया जाएगा। इस दिन खेती किसानी के सभी काम बंद रखकर किसान आराम करेंगे। यह सिलसिला कम से कम पांच रविवार तक चलेगा। कई गांवों में पूरे खरीफ सीजन तक रविवार मनाने की परंपरा है। किसान गोल्डी सेन ने बताया कि इतवारी मनाने की परंपरा किसानों के हित के लिए हैं। पूरे 6 दिन तक किसान खेतों में मेहनत करते हैं। एक दिन वे घर परिवार के साथ समय बिताते हैं।

---

## कलेक्टर ने किसानों को बांटी बीज एवं दवाइयां



**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने संबलपुर स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति में उपलब्ध खाद, बीज सहित गोदाम की क्षमता की जानकारी ली। समिति प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में सम्बलपुर समिति में डीएपी सहित अन्य जरूरी खाद और बीज मिनीकीट पर्याप्त मात्रा में है। उन्होंने यह भी बताया कि समिति द्वारा किसानों को दो करोड़ 37 लाख रूपये का ऋण दिया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत निःशुल्क अरहर मिनीकिट एवं 50 प्रतिशत अनुदान में कीटनाशक का वितरण किया। संबलपुर एवं बोड़रा के कृषक डोमार देवांगन, राधेलाल, लाकेश साहू, सोमप्रकाश, शत्रुघ्न साहू, गुलाब साहू को अरहर मिनीकिट एवं कीटनाशक का वितरण किया गया। इस अवसर पर संबलपुर के सरपंच, कृषि विभाग से उप संचालक मनोज सागर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक तिवारी, समिति प्रबंधक जागेश्वर ध्रुव एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबलपुर में संचालित स्कूल संचालन और निर्माण कार्यों की जानकारी ली। गांव के सरपंच ने स्कूल मैदान का समतलीकरण करने की बात कही। कलेक्टर ने खेल मैदान को मनरेगा से समतलीकरण कराने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही रेलवे को लेकर समस्याओं को भी दूर करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने गांव में पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई आदि की भी जानकारी ली।

---

## हटकेशर में नागपंचमी महोत्सव की तैयारी शुरू

- नागदेव महिला समूह की बैठक में बनी रूपरेखा
- कालसर्प दोष निवारण अनुष्ठान, भंडारा एवं धार्मिक कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के हटकेशर वार्ड में स्थित 12वीं सदी के ऐतिहासिक नाग मंदिर में नागपंचमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरु हो गई है। शनिवार को नाग मंदिर प्रांगण में नागदेव महिला समूह की बैठक हुई, जिसमें नाग पंचमी महोत्सव को भव्य रूप से मनाने रूपरेखा बनाई गई।

नागदेव महिला समूह की कार्यकर्ता श्रीमती भगवती साहू, श्रीमती संगीता देवांगन, श्रीमती दिव्या निषाद ने बताया कि हटकेशर में सैकड़ों वर्ष प्राचीन नाग मंदिर है। इसके प्राचीन इतिहास के बारे में आज के बुजुर्ग को जानकारी नहीं है लेकिन मंदिर की चारों दिशाओं में मौजूद सती स्तंभों से इसकी प्राचीनता का पता चलता है। सती स्तंभों में सूरज, चांद, चूड़ी पहने हाथ, चिता को आग लगाने वाली मशाल, महिला, पुरूष, महल आदि का चित्रण है। उन्होंने बताया कि पुरातत्वविदों के अनुसार इस तरह का सती स्तंभ 11वीं-12वीं शताब्दी में आदिवासी राजाओं के समय राजा, सेनापति की शहादत होने पर उनके सती स्थल पर स्मारक के रूप में बनाया जाता था। कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रतिमा चतुर्भुजी है। नागपंचमी के दिन हटकेशर गांव यानी हटकेशर, सुभाषनगर, शीतलापारा के हर घर से लोग नारियल, दूध, फूल पत्र के साथ नागदेव की पूजा करने अनिवार्य रूप से पहुंचते हैं। इस दिन धमतरी जिला सहित आसपास के जिले से लोग दर्शन के लिए आते हैं। बैठक में जमुना नेताम, नीरा मंडावी, नीरा नेताम सहित नागदेव महिला समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।



**नागपंचमी के पूर्व दिवस पालकी यात्रा**

समूह की कार्यकर्ता श्रीमती देवश्री देवांगन, दुर्गा साहब, गिरिजा देवांगन ने बताया कि प्रदेश में नागदेवता का यह दुर्लभ एवं एकलौता प्राचीन मंदिर है। प्रचार- प्रसार के अभाव में इसकी ख्याति सीमित है। समिति कुछ साल से प्रकृति पूजन के पूर्व नाग पंचमी पर नागदेवता के धार्मिक स्थल के प्रचार के लिए नागदेवता की पालकी यात्रा निकाल रही है। उन्होंने बताया कि नागदेवता की पालकी यात्रा को भव्यता प्रदान करने रूपरेखा बनाई जा रही है।

**त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग महादेव के आचार्य करेंगे अनुष्ठान**

समूह की कार्यकर्ता उर्मिल साहू, नंदनी गुप्ता, काव्या निषाद ने कहा कि सिद्धपीठ नागदेव मंदिर प्रांगण में कालसर्प दोष से पीड़ित जातकों के लिए महा अनुष्ठान किया जाता है। इस दोष से होने वाले कष्टों से निवारण के लिए विधिविधान से अनुष्ठान करने त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग महादेव नासिक के आचार्य पं.शिवप्रसाद चतुर्वेदी के सानिध्य में विद्वान पंडितों को बुलाया गया है। नागपंचमी के दिन 29 जुलाई को आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा रखा जाएगा।

---

## डिजिटल फसल सर्वेक्षण से सटीक आंकड़े मिलेंगे

- सर्वेक्षण के लिए तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

डिजिटल फसल सर्वेक्षण का का कार्य कृषि योजनाओं, बीमा भुगतान एवं आपदा राहत वितरण को प्रमाणिक डेटा के आधार पर प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। खरीफ मौसम के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण को लेकर कलेक्टरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा तहसील स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में जिले के विभिन्न तहसीलों से आए तहसीलदार, पटवारी, राजस्व निरीक्षक और राजस्व के कर्मचारी और तकनीकी सहायक शामिल हुए। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर दीपचंद भारती ने किया।

उन्होंने प्रतिभागियों को डिजिटल फसल सर्वेक्षण की प्रक्रिया, उद्देश्य, तकनीकी पक्षों एवं फील्ड स्तर पर अपनाई जाने वाली कार्यविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण से न केवल सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे, बल्कि इससे शासन की योजनाएं भी सही किसानों तक पहुंच सकेंगी। अधिकारियों ने फील्ड स्टाफ से अपेक्षा जताई कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर गांव स्तर पर समयसीमा में फसल सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सामग्री वितरित की गई।

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 6 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे रामजानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। यह जानकारी पाली अध्यक्ष फगनू निषाद, महासचिव नील निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

---

#### पूरे सावन माह भर ग्रामीण सप्ताह में एक दिन करेंगे सामूहिक अवकाश

# सवनाही तिहार : आज इतवारी मानहु, सबो काम-धाम बंद रही... हो

- गांवों में किसी अनहोनी से बचाने की चली आ रही है सदियों पुरानी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शनिवार शाम को कुरुद अंचल के अधिकांश गांवों में गांव के कोटवार द्वारा यह मुनादी करते हुए सुनाई दिया कि आज इतवारी मानहु, सबो काम-धाम बंद रही... हो। पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि आज से प्रत्येक रविवार को अब गांव के किसान सप्ताह में एक दिन छुट्टी मनाएंगे और यह सिलसिला भूरे सावन महीने तक चलेगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में बारहों महीने कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। वहीं रथयात्रा के बाद सावन माह से छत्तीसगढ़ अंचल में त्योहारों की झड़ी लग जाती है। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी त्योहार कृषि कर्म से जुड़े हुए हैं। पुरानी रूढ़ी अनुसार सावन के महीने में टोना-टोटका एवं जादू मंतर का भी जोर रहता है। ग्रामीण अंचल के लोग टोना-टोटका को मानते हैं और जादू टोना से गांव के जान-माल की रक्षा के लिए गांव के देवता की पूजा की जाती है। उसे होम-धूप देकर प्रसन्न किया जाता है और उससे विनती की जाती है कि गांव में किसी तरह रोग-शोक, बीमारी और विघ्न बाधा न आए।





फाइल फोटो

**आज सभी कामकाज रहेंगे बंद**

सवनाही तिहार परम्परा पर ग्रामीण चोवाराम साहू, हेमन्त साहू, दानीराम, योगेश्वर साहू ने बताया कि आषाढ़ के अंतिम सप्ताह या सावन के प्रथम सप्ताह में आने वाले प्रथम रविवार को सवनाही तिहार मनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। इस त्योहार को मनाने के पीछे उद्देश्य है कि जादू-टोना, बीमारी से गांव के जन, गाय, बैल, भैंस, बकरी, भेड़ एवं अन्य पालतू जीव जंतुओं की हानि न हो। गांव में चेचक, हैजा जैसी बीमारियां प्रवेश न करें। इस दिन गांव में सभी कार्य बंद रहते हैं जिसकी मुनादी एक दिन पहले शनिवार की शाम गांव के कोटवार के माध्यम से करवा दी जाती है।

**इस दिन गांव से बाहर जाने की भी है मनाही**

जोरातराई के ग्राम प्रमुख यीशु साहू, ग्राम पटेल लोकनाथ साहू की माने तो इस दिन गांव का निवासी यदि कहीं गांव से बाहर भी काम करने जाता है तो उस दिन उसे भी छुट्टी करनी पड़ती है। खेतों में कोई हल नहीं जोतता, कोई बैलगाड़ी नहीं फ़ांदता। सभी के लिए यह अनिवार्य छुट्टी का दिन होता है। इतवारी के दिन सिर्फ़ गांव में पौनी-पसारी का काम करने की छूट रहती है। सवनाही तिहार मनाने के लिए गांव में बरार (चंदा) किया जाता है जिससे पूजा पाठ का सामान खरीदा जाता है और बैगा को दान-दक्षिणा दी जाती है। सवनाही पूजा करने बाद ही गांव में इतवारी छुट्टी मनाने की परम्परा है जो 5-7 इतवार तक मानी जाती है।अधिकतर गांवों में पांच इतवार ही छुट्टी की जाती है।

**शनिवार की रात सवनाही देवी की हुई पूजा**

गांव के बैगा गुहरी यादव, बलराम यादव, श्रवण कुमार ने बताया कि शनिवार की रात में प्रमुख किसान के साथ वे गांव के समस्त देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। गांव के किसी सार्वजनिक स्थान (मंदिर, देवाला, स्कूल) में रात काट देते हैं। बैगा और राऊत मवेशियों के साथ गांव की पूर्व दिशा में सरहद (सियार) पर जाते हैं। वहां स्थित सवनाही देवी की पूजा की जाती है। पूजा के लिए एक जोड़ा नारियल, सिंदूर, नींबू, श्रृंगार का सामान, काले, सफ़ेद, लाल झंडे, टुकनी, सुपली, चूड़ी, रिबन, फ़ीता के साथ काली मुर्गी एवं कहीं-कहीं दारु का इस्तेमाल भी किया जाता है। पूजा के लिए नीम की लकड़ी की छोटी सी गाड़ी बनाई जाती है जिसे लाल,काले और सफ़ेद ध्वजा से सजाया जाता है। इसके पश्चात काली मुर्गी के सिर पर सिंदूर लगाकर उसे सियार के उस पार भूत-प्रेत-रक्सा की भेंट के लिए छोड़ दिया जाता है। फ़िर बैगा वहां से चल पड़ता है। इस समय उपस्थित लोगों के लिए पीछे मुड़कर देखना वर्जित होता है। ऐसी मान्यता है कि पीछे मुड़कर देखने से सवनाही देवी नाराज होकर सभी भूत-प्रेतों को सियार (सरहद) पर ही छोड़कर चली जाती है।

**गाय के गोबर से घरों के सामने बनाते हैं मनुष्याकृति**

ग्रामीण जगौती यादव, बिसाहिन साहू, फुलबासन साहू ने बताया कि सवनाही तिहार के दिन लोग घरों में गाय के गोबर से हाथ की 4 अंगुलियों द्वारा घर के दरवाजे मनुष्याकृति बनाई जाती है। इन आकृतियों से जोड़कर चार अंगुलियों की गोबर की रेखा घर के चारों तरफ़ बनाई जाती है। जैसे गोबर की रेखा से घर को चारों तरफ़ से बांध दिया गया हो। इसका उद्देश्य यही है कि कोई भूत प्रेत या गैबी शक्ति घरवालों को परेशान न करे। वर्तमान में भले ही यह कार्य आदिम लगता हो, लेकिन गांव में अभी तक प्रचलित है और ग्रामवासियों को संतुष्टि देता है जिससे वे साल भर अपना कृषि कार्य निर्बाध होकर करते हैं।

## खबर संक्षेप

### रिक्शा खरीदी स्टेट लेवल का सेंक्शन : आयुक्त



**धमतरी।** निगम कमिश्नर प्रिया गोयल ने बताया कि कचरा रिक्शा की खरीदी स्टेट लेवल से हुई है। स्टेट से सेंक्शन के बाद ही खरीदी की गई। राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने के बाद 21 अगस्त 2024 को स्वीकृति मिली। रिक्शा खरीदी जैम पोर्टल के माध्यम से आल इंडिया लेवल पर ओपन टेंडर के माध्यम से हुई थी जिसमें 10 लोगों ने भाग लिया था। ओपन टेंडर ऐसा है कि भारत का कोई भी मेंबर इसमें भाग ले सकता है। खरीदी के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल विभाग से जांच कराई गई थी जिसमें सामान सही पाया गया।

### महापौर की छवि को खराब नहीं होने देंगे : नीलेश



- रिक्शा खरीदी मामले की जांच करवाई जाएगी

**धमतरी।** स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लुनिया ने कहा कि रिक्शा खरीदी मामले की जांच करवाई जाएगी। रिक्शा अगर निम्न क्वालिटी का होगा तो उसे वापस भेजा जाएगा। निगम में महापौर रामू रोहरा की छवि को धूमिल नहीं होने दिया जाएगा। महापौर ने धमतरी विकास में अपनी अहम भूमिका निभाई है। जनता की तकलीफों का निवारण कर रहे हैं। रोहरा की सरकार आगे भी विकास और गुणवत्ता के हर पैमाने पर खरा उतरेगी। निगम को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है।

### देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक आज

**धमतरी।** धमतरी मंडल देवांगन समाज की कार्यकारिणी सह आमसभा 6 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में रखी गई है जिसमें समाज की बेटियों को लव जिहाद तथा अन्य कुरीतियों से बचाव सहित डेस्टिनेशन वेडिंग तथा आपदाग्रस्त सदस्य को सहयोग के लिए कोष स्थापना सहित विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। धमतरी मंडल अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन ने समाजजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

### करगा स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर करगा में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर और पुस्तक कापी भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के संयोजक रूपचन्द साहू, समिति के सदस्य भूपेन्द्र साहू, हेमन्त साहू, छबि साहू, सरपंच श्रीमती सावित्री साहू, उपसरपंच चुनेश्वर साहू, उपसरपंच रवि साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा : दो दिन में 75 किमी साइकिल चलायेंगे स्वयंसेवक

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने निकली साइकिल यात्रा

- ग्रामीणों ने साइकिल यात्रियों का किया स्वागत, आज कुकरेल में होगा यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी







प्रकृति को बचाने, पर्यावरण को संतुलित करने, आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला धमतरी द्वारा शनिवार व रविवार को दो दिवसीय प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा का आयोजन किया है। साइकिल यात्रा में सैकड़ों स्वयंसेवक लगभग 75 किलोमीटर तक साइकिल चलाएंगे एवं ग्रामवासियों को एक-एक पौधा भेंटकर पौधरोपण कर प्रकृति के प्रति जागरूक करेंगे। साइकिल यात्रा के उद्देश्य के बारे में आयोजनकर्ताओं ने बताया कि वर्तमान में पर्यावरणीय समस्याएं सुरसा के मुख की तरह बढ़ती जा रही है। जिले में जलस्तर गिरता जा रहा है जो विकट समस्या है। पॉलीथिन के अधिक प्रयोग से प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। ग्लोबल वार्मिंग के साथ अन्य प्रकार की समस्या हमें घेर रही है। यदि समय रहते इस पर विचार नहीं किया गया तो समस्या और बढ़ जाएगी। लोगों को समस्याओं से अवगत कराने, पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने की दृष्टि से प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा आयोजित की गई है। शनिवार, रविवार को दो दिन साइकिल से 75 किमी की यात्रा करेंगे।

यात्रा में ग्रामीणों को पेड़ लगाने, संरक्षित करने, जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग, प्लास्टिक एवं पॉलीथिन से पर्यावरण को बचाने, ऊर्जा संरक्षण के लिए बिजली का संयमित प्रयोग, कचरा, अपशिष्ट पदार्थ के पुनः चक्रण, सभी जीव जंतुओं के संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया जायेगा।

शनिवार को विंध्यवासिनी मंदिर के सामने जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र, राजिम विभाग कार्यवाह घनश्याम साहू ने हरी झंडी दिखाकर प्रत्येक साइकिल यात्री को एक-एक पौधा भेंटकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित थे। घड़ी चौक पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। इस अवसर पर चेतन हिन्दूजा, डीपेन्द्र साहू, देवेश अग्रवाल, लक्ष्मण गौतम, रिक्की गनवानी, सूरज शर्मा, विशाल रामरख्यानी, उमेश शाह, नवनीत शर्मा, दौलत वाधवानी, मनीष आसवानी आदि उपस्थित थे।

यात्रा शनिवार को दोपहर 12 बजे मां विंध्यवासिनी मंदिर के पास से प्रारंभ हुई जो घड़ी चौक, अर्जुनी चौक, सम्बलपुर, छाती, डांडेसरा, कुरूद, उमरदा, गाड़ाडीह, मेघा पहुंचने के बाद रात्रि विश्राम करेगी। रविवार की सुबह 8 बजे मेघा से परसवानी, भरदा, मगरलोड, भैंसमुंडी, लुगे, छिपली, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पाहंदा, भोथा, बोरसी, साल्हेभाट, छुही, सलोनी, भंवरमरा, लीलर, पथर्रीडीह, कुकरेल में सभा पश्चात यात्रा का समापन होगा।

साइकिल यात्रा के दौरान स्वयंसवकों का शहर सहित ग्रामीण अंचल में फूल मालाओं से भव्य स्वागत हुआ। जोश ऐसा था कि ग्रामीण भी अपनी साइकिल निकालकर यात्रा में शामिल हो रहे थे। ग्रामीणों ने इसे अच्छी पहल बताया। समिति के संदेशों को आत्मसात किया। प्रदत्त पौधों को रोपण पश्चात संरक्षित करने का वादा किया।

## चार जुआरी 1.65 लाख से अधिक की नगदी के साथ दबोचे गए

- जुए के अड्डे पर पुलिस की दबिश
- भुसरेंगा खार के राखी टापू पर आरोपियों ने सजा रखी थी महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद





जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए धमतरी पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कुरूद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम भुसरेंगा खार के राखी टापू क्षेत्र में जुआ खेलते हुए 4 आरोपियों को रंगेहाथ पकड़कर बड़ी जब्ती की गई है।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से अपराध पर नियंत्रण लाने कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा सतत प्रयास करते दिखाई दे रही है। वहीं कुरुद अनुविभाग के अंदर भखारा, मगरलोड, करेली बड़ी व बिरेझर चौकी में उनके द्वारा तैयार किये गये मुखबिर भरोसे से काम कर रहे हैं जो उन्हें अवैध शराब, गांजा, गोली से लेकर सट्टा-जुआ जैसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगों की पल-पल की खबर दे रहे हैं। इसी का परिणाम है कि कुरूद पुलिस टीम मौके पर दबिश देकर ताश के पत्तों पर बड़ी चोट देकर चार जुआरियों को नकदी, मोबाइल और बाइक समेत गिरफ्तार कर पाई है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, ताशपत्ती, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल समेत कुल 1,65,010 रूपये की संपत्ति जप्त की गई है। चारों आरोपियों के विरुद्ध थाना कुरूद में धारा 03 (2) जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

गिरफ्तार जुआरी पोखन साहू उर्फ पोखराज, पिता सेवकराम उम्र 35 वर्ष निवासी अटंग कुरूद जिला धमतरी (छग), फानेश्वर उर्फ सोनू चंद्राकर पिता रामकुमार उम्र 28 वर्ष निवासी अटंग कुरूद जिला धमतरी(छग), मुकेश साहू पिता शंकरलाल उम्र 35 वर्ष निवासी जलविहार कॉलोनी रुद्री जिला धमतरी (छग), दिलीप साहू पिता स्व. रूपलाल उम्र 47 वर्ष निवासी इन्द्रानगर उतई थाना उतई जिला दुर्ग (छग) शामिल हैं। पुलिस ने 70,510 रुपये नगद, 1 बंडल ताशपत्ती, 5 नग मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 9,500 रूपये, दो मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत 85,000 रुपये कुल 1,65,010 रूपये जब्त किए गए। धमतरी पुलिस ने आमजनों से अपील की है कि जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल अपने नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम में दें, आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। धमतरी पुलिस जन सुरक्षा के लिए कटिबद्ध हैं।

## केंद्रीय मंत्री से शहर में राष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमी खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- महापौर रामू रोहरा ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से शहर हित को लेकर ज्ञापन सौंपा



महापौर रामू रोहरा ने राजधानी दिल्ली प्रवास के दौरान भारत सरकार के श्रम, रोजगार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से भेंट की। इस अवसर पर महापौर ने धमतरी शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर ज्ञापन सौंपा और केंद्र सरकार से सहयोग की अपील की।

महापौर श्री रोहरा ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष शहर की प्रमुख समस्याएं, संभावनाएं एवं विकास के प्रस्ताव रखे। उन्होंने श्रमिकों के कल्याण, स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों का विस्तार, खेल अधोसंरचना को सशक्त बनाने तथा शहर में राष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमी की स्थापना जैसी मांगें प्रमुखता से उठाईं।

उन्होंने कहा कि धमतरी जैसे तेजी से विकसित हो रहे नगरों में यदि केंद्र सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ मिले, तो यहां की युवा ऊर्जा को देशहित में सशक्त रूप से जोड़ा जा सकता है। केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने महापौर की मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि धमतरी जैसे उभरते हुए शहरों में विकास की अपार संभावनाएं हैं और केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर रोहरा ने केंद्रीय मंत्री को धमतरी आने का आमंत्रण भी दिया।

## युवा संसद में शुभम ने हासिल किया प्रथम स्थान

- मॉक पार्लियामेंट में निभाई नेता प्रतिपक्ष की भूमिका, भाजयुमो ने इमरजेंसी 1975 पर रखा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भारतीय जनता युवा मोर्चा छग ने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश स्तरीय मॉक पार्लियामेंट का आयोजन रायपुर में किया। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भाजयुमो प्रभारी आलोक डांगस सहित अन्य विधायक, आयोग निगम के अध्यक्ष मौजूद रहे।

इस युवा संसद में धमतरी के भी युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें एबीवीपी के पूर्व प्रदेश मंत्री शुभम जायसवाल को नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने का अवसर मिला। कई वर्षों से इमरजेंसी के विरोध में बोलने वाले शुभम को इस बार इमरजेंसी के पक्ष में बोलने की जिम्मेदारी थी। उन्होंने इमरजेंसी पर प्रभावशाली पक्ष रखा।

सदन उस समय हंसी से गूंज उठा जब नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में शुभम ने प्रधानमंत्री मोदी जी को जाकर गले लगा लिया, जिसका जिक्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने समापन भाषण में करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष का यी अंदाज बड़ा ही अनोखा लगा, इन्होंने तो माहौल ही बना दिया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की भूमिका इतना कठिन रही होगी ये हम समझ सकते हैं। शुभम को देखकर लगा कि भविष्य में ये नेता के साथ अच्छे अभिनेता भी हो सकते हैं। प्रथम स्थान पर 2 लोगों को पुरस्कार मिला। रक्षा मंत्री की भूमिका वेदांश मिश्रा और नेता प्रतिपक्ष की भूमिका शुभम जायसवाल ने निभाई। प्रथम इनाम 51000 रुपए रखा गया था।

## भेदभाव को खत्म कर सनातन संस्कृति को आगे बढ़ांएगे



- सर्व समाज समन्वय महासभा की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सर्व समाज समन्वय महासभा की बैठक शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस रत्नाबांधा रोड धमतरी में प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजीव वशिष्ठ, पद्मनी चंद्राकर जिलाध्यक्ष सर्वसमाज समन्वय महासभा की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश अध्यक्ष संजीव वशिष्ठ ने कहा कि सर्व हिन्दू समाज को एकत्रित व संगठित करना, सनातन धर्म, संस्कृति की रक्षा, सामाजिक लोकतंत्र को स्थापित करना, राष्ट्र निर्माण का संकल्प, जातिवाद के भेदभाव को खत्म करना हमारी प्राथमिकता है। जिलाध्यक्ष पद्मनी चंद्राकर ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम सब मिलकर सामाजिक लोकतंत्र को स्थापित करेंगे। सभी समाज को एक मंच पर लाएंगे। सभी समाज को जोड़ेंगे। राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि जातिवाद, ऊंच नीच के भेदभाव, भाषावाद, क्षेत्रवाद के भेदभाव को खत्म कर सनातन संस्कृति को आगे बढ़ांएगे। मौके पर जिला सचिव चन्द्रकला पटेल, ईश्वरी पटवा, बिमला पटेल, चित्ररेखा निर्मलकर, श्यामा पटेल, नील पटेल, दिलीप पटेल, संजय देवांगन, डाली सोनी, रूक्मणि सोनकर, संगीता जगताप, सरोज देवांगन आदि उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने सीएम से धमतरी में सीआईटी खोलने की मांग की



**धमतरी।** पूर्व विधायक रंजना साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) धमतरी में स्थापित किए जाने की मांग की। जारी प्रेस नोट में श्रीमती साहू ने कहा कि यह विषय धमतरी के विकास से जुड़ा हुआ है जब इसकी स्थापना धमतरी में होगी तो न सिर्फ बेहतर शिक्षा को गति मिलेगी अपितु रोहगार सृजन के साथ भारी उद्योग खुलने की भी संभावना बढ़ेगी। क्षेत्र के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि सीआईटी को प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में खोलने की घोषणा हमने अपने चुनाव में (मोदी की गारंटी) में की थी। प्रदेश के 11 लोकसभा क्षेत्र में इसकी स्थापना की जानी है। इसी कड़ी में महासमुंद लोकसभा अंतर्गत आने वाले प्रमुख जिला धमतरी में इसकी स्थापना करने के लिए मुख्यमंत्री से मांग की है ताकि धमतरी भी प्रदेश की विकास गाथा में शामिल हो सके। विदित हो कि श्रीमती साहू ने नालंदा परिसर के लिए सबसे पहले मांग की थी जिसे राज्य सरकार ने पूरा किया। अब वे सीआईटी का लक्ष्य लेकर धमतरी को सौगात दिलाने प्रयासरत हैं।

## क्रीड़ा भारती ने किया विद्यार्थियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विगत दिनों क्रीड़ा भारती एवं जिला कुश्ती संघ धमतरी द्वारा योग, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। क्रीड़ा भारती एवं जिला कुश्ती संघ धमतरी के अध्यक्ष लक्ष्मण लाल साहू, सेंट जेवियर्स स्कूल की प्राचार्य तृप्ति राय, क्रीड़ा भारती के महामंत्री ननकू महाराज, क्रीड़ा भारती धमतरी के सह मंत्री टिकेश्वर निर्मलकर, नगर निगम स्कूल के व्यायाम शिक्षक गिरीश गजपाल, सेंट जेवियर्स स्कूल की शिक्षक हिना गिलानी, व्यायाम शिक्षिका टिकेश्वरी चंद्राकर उपस्थित रहे।

सेंट जेवियर्स स्कूल धमतरी, नगर निगम स्कूल धमतरी, ज्ञान अमृत स्कूल, पीजी कॉलेज धमतरी के सैकड़ों विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण साहू ने कहा कि हम पर्यावरण को जब तक संरक्षित नहीं करेंगे, हम स्वच्छ वातावरण का निर्माण नहीं कर पाएंगे और न ही शुद्ध ऑक्सीजन अपने शरीर को दे पाएंगे। योग नहीं करेंगे तो हम अपने शरीर को स्वस्थ नहीं रख पाएंगे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
Departure EX-Kathmandu (13 दिन)
EX-नेपाल गंज हेलिकॉप्टर
(9 दिन) 2,60000/-
कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 जुलाई, 14 अगस्त, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर मे काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितो के सान्निध्य मे किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
9993157703, 8319628583
9340292572, 9589261876

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक धमतरी, मो.नं. 98264-32896

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज